# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL

**खेल सामग्री कय हेतु ई–निविदा सूचना वर्ष 2025–26**

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के **कीडा अनुभाग तथा डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल के खेल सामग्री कय** हेतु दिनांक 30–04–2025 से 16–05–2025 के अपरान्ह 11:30 बजे तक पृथक–पृथक रूप से ई–निविदाऐं उत्तराखण्ड राज्य के Public Procurement Portal www.uktenders.in में आमंत्रित की जाती है, जिसकी जानकारी विश्वविद्यालय की वेबसाईड www.kunainital.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

कुलसचिव

सा0 / स्टोर / 2025–26 / **खेल सामग्री कय निविदा** / 15 दिनांक–30–04–2025

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञापन को अपने समाचार पत्र मे 4x6 के न्यूनतम स्थान में निर्धारित तिथि को प्रकाशित कर बिल **10 प्रतिशत** की छूट के साथ दो प्रतियों में समाचार पत्र की प्रति सहित अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करें –

1. सम्पादक अमर उजाला, नैनीताल को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञापन को अपने समाचार पत्र के उत्तराखण्ड संस्करण में दिनांक 01–05–2025 के अंक में प्रकाशित करने का कष्ट करें ।

(डॉ0 एम0एस0 मन्द्रवाल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित।

1. प्रभारी, ई0आर0पी0 सैल, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को इस आशय से प्रेषित कि उक्त निविदा को विश्वविद्यालय वैबसाइड में अपलोड किये जाने हेतु।
3. वित्त नियंत्रक, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
4. कुलसचिव कार्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
5. कीडा अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
6. विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा, डी0एस0बी0परिसर, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
7. निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
8. नोटिस बोर्ड।

(डॉ0 एम0एस0 मन्द्रवाल)
कुलसचिव

# क्रीड़ा अनुभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की वर्ष 2025–26 की क्रीड़ा सामग्री, खेल परिधानों के क्रय हेतु निविदा सूचना

क्रीड़ा अनुभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की वर्ष 2025–26 की क्रीड़ा सामग्री, खेल परिधानों आदि को क्रय किये जाने हेतु उत्तराखण्ड अधिप्राप्ति नियमावली 2017 के अनुसार दो निविदा प्रणाली के तहत दिनांक 30.04.2025 से दिनांक 16.05.2025 तक उत्तराखण्ड राज्य के Public Procurement Portal www.uktenders.gov.in में ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16.05.2025 को प्रातः 11:30 बजे उपस्थित निविदादाओं के सम्मुख विश्वविद्यालय की गठित क्रय समिति द्वारा खोला जायेगा। किसी कारणवश निविदा खुलने की तिथि को अवकाश घोषित होने पर उक्त निविदा उसके अगले कार्य दिवस को खोली जायेगी ई–निविदा सूचना निम्न प्रकार है–

| क.स. | ई–निविदा विवरण | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|
| 1– | ई–निविदा प्रपत्र की निविदा वैबसाइड पर उपलब्धता की तिथि | दिनांक 30.04.2025 | 5.00 बजे अपरान्ह् |
| 2– | ई–निविदा तकनीकी/वित्तीय बिड अपलोड करने की प्रारम्भिक तिथि | दिनांक 06.05.2025 | 5.30 बजे अपरान्ह् |
| 3– | ई–निविदा तकनीकी बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 16.05.2025 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् |
| 4– | ई–निविदा वित्तीय बिड अपलोड करने की अन्तिम तिथि | दिनांक 16.05.2025 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् |
| 5– | निविदा की तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि | दिनांक 16.05.2025 | 11.30 बजे पूर्वान्ह् |
| 6– | ई–निविदा की वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि | तकनीकी निविदा के पूर्ण होने के उपरान्त सफल निविदादाताओं को सूचित किया जायेगा। | –– |
| 7– | प्री– बिड मिटिंग की तिथि | दिनांक 05.05.2025 | 11.00 बजे पूर्वान्ह् से |

उक्त निविदाऐं दिनांक 16.05.2025 के समय 11.00 बजे पूर्वान्ह् तक पोर्टल में अपलोड की जा सकती है। इस प्रणाली के अन्तर्गत निविदादाता द्वारा निविदायें सम्बन्धित पोर्टल में दो भागों में अपलोड की जायेगी। सर्वप्रथम तकनीकी निविदा तत्पश्चात वित्तीय निविदा सम्बन्धित पोर्टल में अपलोड करनी होगी। निविदादाता को तकनीकी एवं वित्तीय दोनों निविदायें दिनांक 16.05.2025 के पूर्वान्ह् 11.00 बजे तक उक्त पोर्टल में अनिवार्य रूप में अपलोड करनी होगी। निविदादाता को तकनीकी निविदा पृष्ठ संख्या–02 से 04 में अंकित तकनीकी निविदा की शर्तों के अनुसार ऑनलाईन एवं ऑफलाईन माध्यम से प्रस्तुत करनी होगी। निविदादाता को पृष्ठ संख्या 04 में अंकित शर्तों के अनुसार वित्तीय निविदा केवल ऑनलाईन माध्यम से उक्त पोर्टल में अपलोड करनी होगी। निविदा प्रपत्र का शुल्क रू0 2,000=00 (रूपये दो हजार) निर्धारित है, जो अप्रतिदेय (Non Refundable) होगा। निविदा प्रपत्र का निर्धारित शुल्क वित्त अधिकारी, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पद नाम से बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो नैनीताल स्थित किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के नाम से देय हो, के माध्यम से विश्वविद्यालय में जमा करना होगा या विश्वविद्यालय के कैश काउन्टर में जमा करना होगा। शुल्क जमा करने के उपरान्त विश्वविद्यालय की वैबसाइड www.kunainital.ac.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। शुल्क जमा के साक्ष्य के रूप में बैंक ड्राफ्ट या विश्वविद्यालय के कैश काउण्टर की जमा रसीद की प्रति तकनीकी निविदा के साथ पोर्टल में अपलोड करनी होगी तथा मूल प्रति तकनीकी निविदा के लिफाफे में निविदा के साथ संलग्न कर इस कार्यालय में जमा करनी होगी जिन निविदाताओं द्वारा तकनीकी निविदा के साथ शुल्क की मूल प्रति उपलब्ध नहीं करायी जायेगी उनकी निविदा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा ।

# ऑनलाईन तकनीकी निविदा की शर्तें–

## 1– तकनीकी निविदा शर्त भाग– अ

01– निविदादाता द्वारा निविदा के साथ संलग्नक–1 के कम संख्या–01 से 68 में दर्शायी गई समस्त सामग्रियों की विशिष्टताओं (Specification) के अनुरूप प्रत्येक सामग्री का नमूना कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में दिनांक 15.05.2025 को अपरान्ह् 5.00 बजे तक जमा करना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रस्तुत नमूना सामग्री पर फर्म की मुहर हो अथवा स्टिकर लगा होना चाहिए अथवा अन्य व्यवस्था होना आवश्यक है जिससे फर्म की सामग्री की पहचान हो सके। जिन निविदादाताओं द्वारा पूर्व में इन सामग्रियों के लिये आमन्त्रित निविदा हेतु सामग्रियों के नमूने कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा किये गये है उन्हें पुनः नमूने जमा नहीं करने होगें।

02– निविदादाता द्वारा सामग्रियों के प्रस्तुत नमूनों का वास्तविक मूल्यांकन कीड़ा सामग्री कय समिति द्वारा सामग्रियों की विशिष्टताओं (Specification) एवं गुणवत्ता के आधार पर किया जायेगा।

03– प्रत्येक फर्म प्रस्तुत नमूना सामग्री की सूची दो प्रतियों में स्वयं अपने फर्म के पैड में बनवाकर साथ लाएँ तथा सामग्री कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा करने के उपरान्त दूसरी प्रति में प्राप्ति रसीद प्राप्त कर ले।

04– जिस निविदादाता की सामग्रियों के नमूने कीड़ा समिति द्वारा स्वीकृत किये जायेगें केवल उन निविदादाताओं की ही तकनीकी निविदा खोली जायेगी।

05– यदि निविदादाता द्वारा समस्त सामग्रियों के नमूने कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा नहीं किये जाते है तो ऐसे निविदादाताओं की तकनीकी निविदा नहीं खोली जायेगी किन्तु ऐसे निविदादाता जिनके द्वारा पूर्व में इन सामग्रियों के लिये आमन्त्रित निविदा में सामग्रियों के नमूने कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा किये गये है उनकी तकनीकी निविदा खोली जायेगी।

06– निविदादाता द्वारा कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में समस्त सामग्रियों के नमूने जमा करने हेतु परिवहन व्यय, हैण्डलिंग व्यय आदि का व्यय स्वयं वहन करना होगा। निविदादाता को सामग्रियों को अपनी फर्म से कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल तक लाने एवं वापस ले जाने हेतु कोई भी परिवहन व्यय, हैण्डलिंग व्यय एवं अन्य व्यय तथा यात्रा भत्ता का भुगतान विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया जायेगा।

07– सफल निविदादाता की सामग्रियों के नमूने कीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा रहेगा तथा अन्य निविदाओं के नमूना सामग्रियॅा वापस कर दी जायेगी।

## 1– तकनीकी निविदा शर्त भाग– ब

तकनीकी निविदा की निम्नलिखित शर्तों के क0सं0–01 से 11 में वर्णित अभिलेख उक्त पोर्टल में तकनीकी बिड में ऑनलाईन अपलोड करना होगा। तकनीकी निविदा की शर्तों के क0सं0–04, 05, 07, 11 में वर्णित अभिलेखों को ऑनलाईन तकनीकी बिड में अपलोड करना होगा तथा इनकी मूल प्रति ऑफलाईन माध्यम से विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। तकनीकी निविदा की शर्त भाग–ब के क0सं0–04, 05, 07, 11 में वर्णित अभिलेखों को एक लिफाफे में रखकर तकनीकी निविदा का मुहरबन्द लिफाफा दिनांक 16.05.2025 को प्रातः 11.00 बजे तक कार्यालय कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में जमा करना होगा। डाक से तकनीकी निविदा प्रेषित करने वाले निविदादाता निविदा इस प्रकार प्रेषित करे कि वह दिनांक 16.05.2025 के 11.00 बजे पूर्वान्ह् तक कुलसचिव कार्यालय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के कार्यालय में प्राप्त हो जाये। लिफाफे के बाहर ''कीड़ा अनुभाग की खेल सामग्री एवं परिधानों हेतु निविदा'' लिखना अनिवार्य होगा।

01– स्थायी आयकर खाता संख्या (PAN) कार्ड की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

02– GST के पंजीकरण संख्या की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

03– निविदादाता के 03 Assessment year 2022–23, 2023–2024, 2024–25 के आयकर रिटर्न की स्वप्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

04– निविदा प्रपत्र के शुल्क की रसीद/ड्राफ्ट तकनीकी बिड में अपलोड करना आवश्यक होगा तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी।

05– धरोहर की धनराशि रू0 67,528=00 (रूपये सड़सठ हजार पाँच सौ अठाइस) निर्धारित है। निविदादाता से निर्धारित धरोहर धनराशि डिमांड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंकर्स चैक, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त अधिकारी, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा नैनीताल में देय होनी चाहिए। धरोहर राशि जिस रूप में हो, निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड की जायेगी तथा उसकी मूल प्रति तकनीकी लिफाफे में रखकर विश्वविद्यालय को उपलब्ध करानी होगी। धरोहर राशि निविदा की तिथि के पश्चात् कम से कम 03 (तीन) माह के लिये वैध होनी चाहिए। सफल निविदादाताओं की धरोहर राशि विश्वविद्यालय में जमा रहेगी, एक बार प्रस्तुत की गयी निविदा को वापस लेने अथवा सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित अवधि तक आवश्यक अनुबन्ध निष्पादित न करने पर धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी। ऐसे निविदादाता जिनके द्वारा पूर्व में इन सामग्रियों के लिये आमन्त्रित निविदा में धरोहर धनराशि जमा की गयी है तथा उनकी धरोहर धनराशि की वैधता अवधि निविदा खुलने की तिथि 16.05.2025 के पश्चात् 03 माह के लिये वैध हो, को पुनः धरोहर धनराशि जमा नहीं करनी होगी। यदि धरोहर धनराशि की वैधता उक्त विवरणानुसार नहीं है तो उन्हें पुनः धरोहर धनराशि जमा करनी अनिवार्य होगी।

06– निविदादाता को केन्द्र सरकार/राज्य सरकार के मंत्रालयों/विभागों या इनसे सम्बद्ध अधीनस्थ कार्यालयों, केन्द्र/राज्यों के सार्वजनिक क्षेत्र इकाइयों एवं केन्द्र एवं राज्य सरकार के अन्तर्गत स्वायत्त निकायों, केन्द्र/राज्य सरकार के अधीन राजकीय/सरकार द्वारा वित्त पोषित विश्वविद्यालयों, विद्यालयों, महाविद्यालयों को विगत 05 वर्षों में कम से कम 02 क्रयादेशों के माध्यम से खेल सामग्री आपूर्ति किये जाने का अनुभव होना चाहिए। सामग्री आपूर्ति किये जाने के साक्ष्य के रूप में कार्यादेश की प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक है।

07– निविदादाता को निम्नलिखित तथ्यों का रू0 100=00 (रूपये एक सौ) के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित शपथ पत्र देना होगा –

क– निविदा में दर्शायी गई समस्त सूचनाएँ प्रत्येक दशा में सत्य हैं और ऐसी कोई सूचना, जो देना आवश्यक है, छिपाई नहीं गयी है। यदि कोई सूचना छिपाई जाती है तो विश्वविद्यालय द्वारा जो भी विधिक कार्यवाही की जायेगी वह निविदादाता को मान्य होगी।

ख– किसी भी सरकारी विभाग/राज्य सरकार में किसी भी प्रकार का विधिक वाद गतिमान नहीं है और न ही प्रस्तावित है।

ग– फर्म को विगत 05 वर्षो में किसी भी राज्य द्वारा न ही काली सूची में दर्ज किया गया है और न ही उसकी सुरक्षा धनराशि को जब्त की गयी है।

08– निविदादाता का वित्तीय वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24 में कुल रूपये 10 लाख (रूपये दस लाख़) का टर्न ओवर अनिवार्य रूप से होना चाहिए। टर्न ओवर के विवरण की किसी रजिस्टर्ड चाटर्ड एकाउन्टेंट द्वारा प्रमाणित प्रति निर्धारित पोर्टल में तकनीकी बिड में अपलोड करनी आवश्यक होगी।

09– निविदादाता को जी0एस0टी0 सम्बन्धित अदेय प्रमाण पत्र (No Due Certificate) तथा समस्त जी0एस0टी0 सम्बन्धित रिटर्न (Return) जमा होने सम्बन्धी सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र पोर्टल में अपलोड करना होगा। निविदादाता उत्तराखण्ड राज्य में पंजीकृत होने की दशा में सन्दर्भित प्रमाण पत्र उस राज्य क्षेत्राधिकारी कर प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जहॉ आपूर्तिकर्ता पंजीकृत है। आपूर्तिकर्ता के केन्द्रीय क्षेत्राधिकार के अधीन होने पर सन्दर्भित प्रमाण पत्र ऐसे राज्य क्षेत्राधिकार कर अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जिसके भौगोलिक सीमाओं के अन्तर्गत उक्त केन्द्रीय कर प्रशासित आपूर्तिकर्ता अवस्थित है। उत्तराखण्ड राज्य के बाहर किसी अन्य राज्य में पंजीकृत होने की दशा में सन्दर्भित प्रमाण पत्र उस क्षेत्राधिकार कर प्राधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए जहॉ आपूर्तिकर्ता पंजीकृत है। जी0एस0टी0 अदेय प्रमाण पत्र निविदा प्रकाशित होने की तिथि के पश्चात् की तिथियों का निर्गत होना चाहिए।

10– निविदादाता को बिड में अंकित प्रत्येक सामग्री की Complete Specifications Compliance Sheet पोर्टल में अपलोड करनी होगी।

11– निविदादाता को रू0 100.00 के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि निविदा उसके पक्ष में स्वीकृत होने पर वह निविदा में सामग्रीवार अंकित ब्रान्ड की मूल निर्माता कम्पनी द्वारा निर्मित एवं गुणवत्तायुक्त सामग्री ही आपूर्ति करेगा। यदि सामग्री मूल निर्माता कम्पनी के ब्रान्ड के अतिरिक्त अन्य ब्रान्ड एवं गुणवत्ताहीन पाई जायेगी तो मेरी कार्यपूर्ति धनराशि विश्वविद्यालय द्वारा जब्त करने की दशा में उसकी पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगा।

12– निविदादाता को क0सं0–07 एवं 11 में अंकित शपथ पत्र पृथक–पृथक नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में प्रस्तुत करने होगें।

## वित्तीय निविदा की शर्ते

1– जिन निविदादाताओं की तकनीकी निविदा अर्ह होगी केवल उन्हीं की वित्तीय निविदा द्वितीय चरण में खोली जायेगी।

2– वित्तीय निविदा केवल उक्त पोर्टल में ही अपलोड की जायेगी। उक्त पोर्टल के अतिरिक्त अन्य माध्यम से दी गयी दरें स्वीकार नहीं होगी।

3– सफल निविदादाता को सामग्रियों की आपूर्ति विश्वविद्यालय के नैनीताल स्थित कार्यालय में करनी होगी। अतएव निविदा दर में सामग्रियों के परिवहन एवं हैण्डलिंग की दर एवं जी0एस0टी0 की राशि भी सम्मिलित होनी चाहिए। विश्वविद्यालय द्वारा परिवहन एवं हैण्डलिंग में व्यय धनराशि का पृथक से भुगतान नहीं किया जायेगा। निविदा दर रूपयों में अंकित की जाए जो शब्दों एवं अंकों में देना अनिवार्य होगा।

4– ट्रैकसूट, टी–शर्ट, वेस्ट, नेकर, ट्रासजर्स, पारितोषिक, पुलोवर आदि पर विश्वविद्यालय मोनोग्राम अथवा नम्बर आदि का मुद्रण/कढ़ाई क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव, क्रीड़ा परिषद् कुमायूँ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार करना आवश्यक होगा जिसमें लिखावट/मुद्रण की पृथक से कोई धनराशि देय नहीं होगी। समस्त लिखाई सुस्पष्ट व कम्प्यूटरीकृत होगी। अतएव निविदादाता निविदादर में उक्त सामग्रियों में मोनोग्राम अथवा नम्बर आदि के मुद्रण/कढ़ाई का व्यय सम्मिलित करते हुये निविदादर अंकित करे।

5– निविदा प्रत्येक सामग्री के न्यूनतम मूल्य (L-1) के आधार पर स्वीकृत की जायेगी।

# निविदा की अन्य शर्तें

1— सफल निविदादाता को खेल परिधान पर विश्वविद्यालय मोनोग्राम अथवा नम्बर आदि का मुद्रण/कढ़ाई क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव, क्रीड़ा परिषद् कुमायूँ विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार करना आवश्यक होगा जिसमें लिखावट/मुद्रण की पृथक से कोई धनराशि देय नहीं होगी अथवा समस्त लिखाई सुस्पष्ट व कम्प्यूटरीकृत होगी।

2— सफल निविदादाता द्वारा क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल में सामग्रियों के जमा नमूनों के अनुसार सामग्री की आपूर्ति करनी आवश्यक होगी।

3— न्यूनतम दर एक से अधिक फर्मों की प्राप्त होने पर कार्य का आवंटन समानुपातिक रूप से किया जायेगा, जो समस्त निविदादाताओं को मान्य होगा।

4— किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को किसी भी समय बिना किसी कारण बताये निरस्त करने का पूर्ण अधिकार विश्वविद्यालय के पास सुरक्षित रहेगा।

5— सम्बन्धित कार्य एवं निविदा के परिप्रेक्ष्य में यदि कोई विवाद उत्पन्न होता है तो उसे कुलपति जी के निर्णयार्थ (Arbitration) प्रस्तुत किया जायेगा और उनका निर्णय दोनों पक्षों को मान्य होगा।

6— निविदा के सम्बन्ध में किसी भी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्राधिकार नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

7— सफल निविदादाता द्वारा विश्वविद्यालय में उपस्थित होकर विश्वविद्यालय के साथ रू0 100/—(रू0 एक सौ मात्र) के नॉन—ज्यूडीशियल स्टॉम्प पेपर में कार्य अनुबन्ध करना होगा। अनुबन्ध के समय सफल निविदादाता को अनुबन्ध राशि का 05 प्रतिशत धनराशि कार्यपूर्ति प्रतिभूति के रूप में इस विश्वविद्यालय को जमा करना होगा। सफल निविदादाता से निर्धारित कार्यपूर्ति प्रतिभूति डिमांड ड्राफ्ट, सावधि जमा रसीद, बैंक गारन्टी के रूप में स्वीकार की जायेगी, जो वित्त अधिकारी, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल के पदनाम से बन्धक होना चाहिए तथा जो किसी वाणिज्यिक बैंक से निर्गत हो तथा शाखा नैनीताल में देय होनी चाहिए। कार्यपूर्ति प्रतिभूति धनराशि आपूर्ति हेतु निर्धारित समयावधि के पश्चात् कम से कम 60 (साठ) दिन बाद तक वैध होनी आवश्यक है।

8— सफल निविदादाता द्वारा यदि अनुबन्ध के अनुरूप कार्य सम्पादन में असमर्थता व्यक्त की जाती है तो उनकी कार्यपूर्ति धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

9— सफल निविदाता द्वारा दर स्वीकृत होने के उपरान्त विद्यालय द्वारा निर्धारित दिवसों के अन्तर्गत विश्वविद्यालय के साथ अनुबन्ध करना होगा। यदि सफल निविदादाता द्वारा अनुबन्ध करने से इन्कार किया जाता है तो उसकी धरोहर की धनराशि विश्वविद्यालय के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी तथा इस सम्बन्ध में निविदादाता का कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।

10— सशर्त रूप से दी गयी निविदा स्वीकार नहीं होगी।

11— आयकर सफल निविदादाता से शासनादेशानुसार वसूल किया जायेगा जो निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त कार्य के बिल से काटकर राजकीय पक्ष में जमा किया जायेगा।

12— सफल निविदादाता द्वारा निर्धारित समय तक सामग्री की आपूर्ति न किये जाने पर विश्वविद्यालय को अधिकार होगा कि वह क्रयादेश निरस्त कर दे। इस प्रकार के आदेश निरस्तीकरण के फलस्वरूप किसी प्रकार के नुकसान का उत्तरदायित्व विश्वविद्यालय का नहीं होगा।

13— क्रय की जानी वाली सामग्रियों की अनुमानित संख्या संलग्नक—2 पर उपलब्ध है किन्तु क्रय की जाने वाली सामग्रियों की संख्या कम या अधिक हो सकती है।

**अध्यक्ष,**
**क्रय समिति**

**वित्त नियन्त्रक,**
**कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।**

**कुलसचिव,**
**कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।**

**कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल**

**संख्या 17 /सामान्य/स्टोर/सा0/पीईआर दिनांक 30अप्रैल , 2025**

प्रतिलिपि :— निम्नांकितों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 :— वित्त नियन्त्रक, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
2 :— निविदा समिति के समस्त सदस्य।
3 :— कैश काउन्टर कार्मिक, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।
4 :— निजी सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
5:— पटल सहायक, कैश काउन्टर।
6 :— नोटिस बोर्ड में चस्पा हेतु।

**कुलसचिव,**
**कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।**

# कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल

# KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL

**क्रीड़ा अनुभाग, कुमायूँ विश्वविद्यालय, नैनीताल की वर्ष 2024–25 की क्रीड़ा सामग्री, खेल परिधानों की निविदा हेतु निविदा प्रपत्र**

1– निविदादाता का नाम– ....................................................................................................

2– निविदादाता का पता– ....................................................................................................

3– निविदादाता की फर्म का नाम यदि कोई हो....................................................................................

4– निविदादाता की फर्म का पता यदि कोई हो....................................................................................

5– निविदादाता को मोबाइल नं0 ....................................................................................

6– ई मेल आई0डी0 ....................................................................................

| |
|---|
| निविदादाता<br>अपना फोटो<br>चिपकाएँ |

**निविदादाता के हस्ताक्षर**

संलग्नक - 01

# List Of Equipment
## Sports Department Kumaun Universtiy, Naintital

| Sl. No. | List of Equipment (Sports equipment, dress,etc.) | Make/ Specification |
|---|---|---|
| 1 | Football kit (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 2 | Hockey kit (T-shirt and shorts) ) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 3 | Basketball kit (Dress) ) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 4 | Volleyball kit (T-shirt and shorts) ) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 5 | Athletics kit (Dress) WithUniversity,With Name & Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 6 | Cricket Kit (Sweater, trousers, T-Shirt)With University, Name & Numbers | SG |
| 7 | Badminton kit (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 8 | Football | Cosco Delta Force |
| 9 | Boxing Kit With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 10 | Sepak Takraw Kit (T-shirt and short) WithUniversity,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 11 | Drop row ball (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 12 | Table tennis (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 13 | Lawn Tennis (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 14 | Trekking and Fitness (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 15 | Yoga Kit (T-shirt, shorts, tights fits) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh (Dry fit sublimation) |
| 16 | Taekwondo (Kit) With University,Name& Numbers | Cotton and Polyester Blends |

Bhan

संलग्नक-01

| | | |
|---|---|---|
| 17 | Karate (Kit) WithUniversity,Name& Numbers | Cotton and Polyester Blends |
| 18 | Mini Golf (Kit)(T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh<br>(Dry fit sublimation) |
| 19 | Chess kit (T-Shirt and shorts) With University,Name | Sports sun / Shiv Naresh<br>(Dry fit sublimation) |
| 20 | Kabaddi Kit WithUniversity,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh<br>(Dry fit sublimation) |
| 21 | Handball Kit (T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh<br>(Dry fit sublimation) |
| 22 | Kho-Kho (T-shirt and shorts) (Kit) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh<br>(Dry fit sublimation) |
| 23 | Woodball Kit ((T-shirt and shorts) With University,Name& Numbers | Sports sun / Shiv Naresh<br>(Dry fit sublimation) |
| 24 | Football Stockings With University,Name& Numbers | Nivia |
| 25 | Football (Shin Pads) | Nivia |
| 26 | Football Goalkeeper Knee Cap | Nivia |
| 27 | Football Goalkeeper Gloves | Nivia |
| 28 | Hockey Ball (Match) | Flash |
| 29 | Hockey Stockings | Nivia |
| 30 | Cricket Batsman Pads | SG Campus |
| 31 | Wicket keeping Pads | SG Campus |
| 32 | Abdominal Guard | SG |
| 33 | Cricket Bat (Match) | SG-Nexus Xtreme |
| 34 | Cricket Bat (Practice) | SG-Scorer |
| 35 | Basketball (Match) | Nivia Pro-touch |
| 36 | Basketball (Practice) | Nivia Engraver |
| 37 | Basketball Net | Nivia |
| 38 | Badminton Shuttlecocks (Plastic) | Yonex Mavis 350 |
| 39 | Badminton Shuttlecocks feather (Match) | Yonex AS-2 |
| 40 | Handball (Man) | Nivia |
| 41 | Handball (Women) | Nivia |
| 42 | Volleyball Net | Nivia |

संलग्नक-01

| | | |
|---|---|---|
| 43 | Towel | Cotton |
| 44 | Table Tennis Ball (Match) | Stag – 3 Star 40mm |
| 45 | Table Tennis Net | Stag |
| 46 | Sepak Takraw Ball | Merathan |
| 47 | Drop row ball | Nivia No 1 |
| 48 | Lawn Tennis Ball | Babolat/Wilson/ Cosco |
| 49 | Crepe Bandage | - |
| 50 | Shocks | Cotton |
| 51 | Mini Golf Stick (Putter) | - |
| 52 | Mini Golf Ball | - |
| 53 | Woodball Complete Equipment set | - |
| 54 | Sepak Takraw (NET) | SG Club |
| 55 | Cricket Ball (Match) | SG Club |
| 56 | Cricket Ball (Practice) | SG Everlast |
| 57 | Cricket Batting Gloves | SG Super Club |
| 58 | Keeping Gloves | SS Match |
| 59 | Cricket Kit bag (Big) | SG (With Wheel) |
| 60 | Batting gloves inner | SG |
| 61 | Badminton Rackets (Match) | Younex GR 303 |
| 62 | Badminton Rackets (Practice) | Cosco |
| 63 | Volleyball (Match) | Nivia Spot Volley |
| 64 | Table Tennis Racket (Match) | GKI Kung-fu-DX |
| 65 | Cross –Country Kit | Dryfit Sublimation |
| 66 | Judo Kit | Cotton and Polyester Blends |
| 67 | Qwan Ki Do Kit | Cotton and Polyester Blends |
| 68 | Wet.Lif./ Power Lifting/ Best Phy.Kit | Cotton and Polyester Blends |

Note: The quantity of articles (Equipment and Kit) may increase or decrease.

Dr.Nagendra Prasad Sharma
Sports Officer,
Kumaun University,Nainital

संलग्नक - 2

# List of Sports Equipment

**Sports Department**

**Kumaun University, Nainital**

| Sl. No. | List of Equipment (Sports equipment, dress, etc.) | Required Items |
|---|---|---|
| 1 | Football kit (T-shirt and shorts) | 48 |
| 2 | Hockey kit (T-shirt and shorts) | 32 |
| 3 | Basketball kit (Dress) | 24 |
| 4 | Volleyball kit (T-shirt and shorts) | 24 |
| 5 | Athletics kit (Dress) | 20 |
| 6 | Cricket Kit (Sweater, trousers, T-Shirt) | 48 |
| 7 | Badminton kit (T-shirt and shorts) | 10 |
| 8 | Football | 10 |
| 9 | Boxing Kit | 20 |
| 10 | Sepak Takraw Kit (T-shirt and short) | 30 |
| 11 | Drop row ball (T-shirt and shorts) | 30 |
| 12 | Table tennis (T-shirt and shorts) | 10 |
| 13 | Long Tennis (T-shirt and shorts) | 05 |
| 14 | Trekking and Fitness (T-shirt and shorts) | 10 |
| 15 | Yoga Kit (T-shirt, shorts, tights fits) | 12 |
| 16 | Taekwondo (Kit) | 20 |
| 17 | Karate (Kit) | 20 |
| 18 | Mini Golf (Kit) (T-shirt and shorts) | 30 |
| 19 | Chess kit (T-Shirt and shorts) | 06 |
| 20 | Kabaddi Kit | 24 |
| 21 | Handball Kit (T-shirt and shorts) | 24 |
| 22 | Kho-Kho (T-shirt and shorts) (Kit) | 24 |
| 23 | Woodball Kit ((T-shirt and shorts) | 30 |
| 24 | Football Stockings | 50 |
| 25 | Football (Shin Pads) | 32 Pair |

संलग्नक-2

| | | |
|---|---|---|
| 26 | Football Goalkeeper Knee Cap | 06 Pair |
| 27 | Football Goalkeeper Gloves | 06 Pair |
| 28 | Hockey Ball (Match) | 20 |
| 29 | Hockey Stockings | 32 Pair |
| 30 | Cricket Batsman Pads | 06 Pair |
| 31 | Wicket keeping Pads | 04 Pair |
| 32 | Abdominal Guard | 06 |
| 33 | Cricket Bat (Match) | 06 |
| 34 | Cricket Bat (practice) | 08 |
| 35 | Basketball (Match) | 06 |
| 36 | Basketball (Practice) | 08 |
| 37 | Basketball Net | 06 Pair |
| 38 | Badminton Shuttlecocks (Plastic) | 10 |
| 39 | Badminton Shuttlecocks feather (Match) | 20 |
| 40 | Handball (Man) | 06 |
| 41 | Handball (Women) | 06 |
| 42 | Volleyball Net | 04 |
| 43 | Towel | 20 |
| 44 | Table Tennis Ball (Match) | 10 Box 3 Star |
| 45 | Table Tennis Net | 02 Pair |
| 46 | Sepak Takraw Ball | 30 |
| 47 | Drop row ball | 30 |
| 48 | Lawn Tennis Ball | 10 Box |
| 49 | Crepe Bandage | 20 Pair |
| 50 | Shocks | 450 Pair |
| 51 | Mini Golf Stick (Putter) | 10 |
| 52 | Mini Golf Ball | 10 |
| 53 | Woodball Complete Equipment set | 02 Set |

Sd/-

संलग्नक-2

| | | |
|---|---|---|
| 54 | Sepak Takraw (NET) | 04 |
| 55 | Cricket Ball (Match) | 24 |
| 56 | Cricket Ball (Practice) | 24 |
| 57 | Cricket Batting Gloves | 04 Pair |
| 58 | Keeping Gloves | 02 Pair |
| 59 | Cricket Kitbag (Big) | 02 |
| 60 | Batting gloves inner | 04 Pair |
| 61 | Badminton Rackets (Match) | 04 |
| 62 | Badminton Rackets (Practice) | 10 |
| 63 | Volleyball (Match) | 06 |
| 64 | Table Tennis Racket (Match) | 04 |
| 65 | Cross –Country Kit | 12 |
| 66 | Judo Kit | 20 |
| 67 | Taekwondo Kit | 20 |
| 68 | Qwan Ki Do Kit | 20 |
| 69 | Wet.Lif./ Power Lifting/ Best Phy.Kit | 20 |

Note: The quantity of articles (Equipment and Kit) may increase or decrease.

Dr.Nagendra Prasad Sharma Sports Officer,
Kumaun University,Nainital